प्रीलिम्स फैक्ट्स : 14 अप्रैल, 2018

65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की फीचर, गैर-फीचर, लेखन श्रेणियों के निर्णायक मंडलों के अध्यक्षों और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार समिति के सदस्यों द्वारा फिल्म निर्माता शेखर कपूर की अध्यक्षता में वर्ष 2017 के लिये विभिन्न श्रेणियों में 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई।

- गैर-फीचर फिल्म पैनल की अध्यक्षता श्री नकुल कामते और सर्वश्रेष्ठ सिनेमा लेखन पैनल की अध्यक्षता श्री अनंत विजय द्वारा की गई।
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 3 मई, 2018 को राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा प्रदान किये जाएंगे।

पुरस्कार की श्रेणी	विजेता
हिन्दी सिनेमा में योगदान के लिये दादा साहेब फाल्के पुरस्कार	जाने-माने फिल्म अभिनेता श्री विनोद खन्ना (मरणोपरांत)
सर्वश्रेष्ठ फिल्म	विलेज रॉकस्टार्स (असमी)
सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म	न्यूटन
सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म	बाहुबली 2 (तेलुगू)
नरगिस दत्त पुरस्कार (राष्ट्रीय एकता पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म)	धप्पा (मराठी)
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	जयराज (मलयालम फिल्म भयानकम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता	रिद्धि सेन (बंगाली फिल्म नगरकीर्तन)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री	श्रीदेवी (हिंदी फिल्म मोम)
सर्वश्रेष्ठ पार्श्व संगीत	एआर रहमान (हिंदी फिल्म माम)
सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन	एआर रहमान (कातरु वेलीयीदायी)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री	दिव्या दत्ता (हिंदी फिल्म इरादा)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता	फहद फाजिल (मलयालम)
सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका	शाशा तिरुपति
सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक	केजे येसुदास
सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा	जयराज (मलयालम फिल्म भयानकम)
सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा	थोंडीमुथालम द्रिकिशाक्शियिम
सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन	बाहुबली 2
सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफ़ेक्ट	बाहुबली 2
स्पेशल ज्यूरी अवार्ड	नगरकीर्तन
स्पेशल मेंशन अवार्ड	पंकज त्रिपाठी (हिंदी फिल्म ‘न्यूटन’)
सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशक	गणेश आचार्य (हिंदी फिल्म ‘टॉयलेट- एक प्रेम कथा’)
सर्वश्रेष्ठ फिल्म आलोचक	गिरिधर

सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर निर्देशक	नागराज मंजूले
सामाजिक विषयों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म	मलयालम फिल्म 'आलोरूक्कम'
जसरी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म	सजिर
तुलुव भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म	पद्दाई
लद्दाखी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म	वॉकिंग विथ द विंड'
बेस्ट बुक ऑन सिनेमा	बॉबी वाहेंगबाम द्वारा लिखी गई फिल्म 'मतमागी मणपुर' (मणिपुरी भाषा)
बच्चों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म	मराठी फिल्म 'मोहरक्या'
गैर-फीचर फिल्म की श्रेणी में स्पेशल फिल्म	ए वेरी ओल्ड मैन विद इनॉर्मस विंग्स एंड मन्डे

सड़क सुरक्षा ट्रस्ट फंड

दुनियाभर में विशेषकर भारत और कनाडा में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र द्वारा सड़क सुरक्षा ट्रस्ट फंड की शुरुआत की गई है। इस फंड का इस्तेमाल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और घायलों की संख्या में कमी लाने के लिये किया जाएगा।

- इसके साथ-साथ इस फंड का इस्तेमाल सुरक्षित और सहज परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराने हेतु भी किया जाएगा।
- वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में बात करें तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें एक गंभीर समस्या बन गई है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में तकरीबन 13 लाख चालकों, वाहन सवारों और पैदल यात्रियों की मौत हो जाती है।
- इतना ही नहीं, इन हादसों में तकरीबन पाँच करोड़ लोग घायल होते हैं।
- लोगों की सुरक्षा और नुकसान की भरपाई के लिये यह फंड शुरू किया जा रहा है।

चीन का उन्नत क्लाउड प्लेटफार्म

चीनी विज्ञान अकादमी के कंप्यूटर नेटवर्क सूचना केंद्र द्वारा एक उन्नत वैज्ञानिक क्लाउड प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है, जिससे वैज्ञानिकों को अनुसंधान व नई खोज को आगे बढ़ाने के लिये सुलभ, सटीक और सुरक्षित डेटा सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

- चाइना डेली के अनुसार, चीन ने चाइना साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्लाउड को तैयार किया है। इस तकनीक के अनुप्रयोगों को निम्नलिखित पाँच व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया गया है:
- डेटा रिसोर्सेस।
- क्लाउड कंप्यूटिंग विद आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस (एआई) व सुपर कंप्यूटर।
- रिसर्च सॉफ्टवेयर सपोर्ट।
- रिसर्च कम्युनिटी नेटवर्क।
- विदेशी वैज्ञानिकों और प्लेटफार्मों के लिये आउटरीच।
- सीएसटीसी का उद्देश्य चीन में वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तनकर्त्ताओं के लिये सबसे अधिक डेटा और क्लाउड सर्विस की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये मंच बनना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-14-04-2018